आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का अनुरोध किया है।
- तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो जाएंगे।
- आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है–उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने वनों के संरक्षण में सभी की सक्रिय भागीदारी की कामना की है।
- दक्षिण अण्डमान ज़िले में राजस्व से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाईन वेब–पोर्टल के साथ जोड़ा जा रहा है।
- आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर का क्षेत्रीय समाचार एकांश आज अपनी पचासवां स्थापना दिवस मना रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का अनुरोध किया है। आकाशवाणी से अपने तीसरे कार्यकाल के पहली मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने के सिलसिले में एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई हैं। उन्होंने कहा कि हम सब के जीवन में मां का स्थान सबसे ऊंचा होता है। जन्मदात्रि मां का यह प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान से हम धरती मां का भी ख्याल रख पाएंगे। धरती मां हमारे जीवन का आधार है और इस अभियान से धरती मां की भी रक्षा होगी।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन के पचास वर्ष पूरा होने पर अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है।

<><><><><><><>

तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो जाएंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि नए कानूनों में औपनिवेशिक कानूनों के विपरीत 'न्याय' प्रदान करने पर जोर दिया गया है, जबकि औपनिवेशिक कानूनों में 'सज़ा' पर अधिक ध्यान दिया जाता था।

मुम्बई में एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि नए कानून विभिन्न पक्षों के साथ व्यापक परामर्श के बाद बनाए गए हैं। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में इन तीन नए कानूनों को लागू करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षमता में स्टेरियंग कमेटी का भी गठन किया गया है। पुलिस विभाग इन कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नए कानूनों के अनुसार पन्द्रह वर्ष से कम और साठ साल से ऊपर के पुरूष या महिला या मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम लोग जिन्हें गंभीर बीमारी है, उन्हें गिरफ्तार करने से पहले वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी अनुमति लेने का भी नए कानूनों मे प्रावधान किया गया है। तीन नए आपराधिक कानूनों में कई बदलाव किए गए हैं और इसमें कई प्रक्रियाओं को समय के भीतर पूरा करने का प्रावधान किया गया है। न्यायालय में मिलने वाली तारीख पे तारीख से छुटकारा मिलेगा और सुनवाई जल्द पूरी होगी।

नए कानून में बयान को रिकॉर्ड करने की व्यवस्था, एफ आई आर की प्रगति की जानकारी देने की व्यवस्था और इसकी कॉपी दोनों पक्षों को देने की भी व्यवस्था की गई है। प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया गया है। पीड़ित के अधिकार पर और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। एफ आई आर दर्ज कराने के लिए अब देश के नागरिक देश के किसी भी कोने से एफ आई आर दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपने संदेश में द्वीपों के उपराज्पाल एडमिरल डी. के. जोशी ने सभी से पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान देने तथा वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए वनों को हरा भरा रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में तीव्रता से वृद्धि और विकास गतिविधियों के बीच हमारे गृह के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से वृक्षारोपण का प्रयास हमारे प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण और स्थाई भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण तथा पृथ्वी में जीवन को बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्कूल, कॉलेज, समुदाय व्यक्तिगत रूप से वन महोत्सव मनाना वास्तव में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उप राज्यपाल ने द्वीपवासियों से अपील की कि पर्यावरण प्रबंधन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए तथा तीन आर नियमों का पालन करें। उन्होंने पचहत्तरवें वन महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं और वनों के संरक्षण में लोगों की सक्रिय भागीदारी की कामना की है।

<><><><><><><>

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है। इस अवसर पर अपने संदेश में उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशाी ने सभी डॉक्टर समुदाय को उनके योगदान पर शुभकामनाएं देते हुए कामना की है डाक्टर्स मानवता के कल्याण के लिए इसी तरह अपनी सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। निस्वार्थ भाव से उनकी सेवाएं स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोरोना महामारी में भी डॉक्टरो ने अपनी विशेष भूमिका निभाई थीं उन्होंने कहा कि अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह जैसे दूरदराज के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और उनकी इन सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रीय डाक्टर्स डे भारत रत्न और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर बिधान चन्द्र राय को सम्मान देने के लिए हर वर्ष एक जुलाई को मनाया जाता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िले में राजस्व से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाईन वेब–पोर्टल के साथ जोड़ा जा रहा है। इनमें म्युटेशन और डिमारकेशन, म्युटेशन मॉड्युल के साथ भू–पंजीकरण पोर्टल का एकीकरण और किराएदारों की जांच तथा घरेलू सहायता शामिल है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र आज दिन में साढ़े दस बजे सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इन सेवाओं से जुड़े ऑनलाइन वेब–पोर्टल का उद्घाटन करेंगे।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर का क्षेत्रीय समाचार एकांश आज अपनी पचासवां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन उन्नीस सौ पचहत्तर में द्वीपवासियों की सेवाओं के लिए पोर्ट ब्लेयर में इस एकांश की स्थापना की गई थी। इस एकांश ने अपने प्रादेशिक समाचार के माध्यम से भारत सरकार और अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा की जा रही विकासात्मक गतिविधियों, कल्याणकारी योजनाओं और अन्य गतिविधियो की जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोरोना काल के दौरान समाचार एकांश ने भारत सरकार द्वारा घोषित एहतियात और कल्याणकारी उपायों के बारे में द्वीपवासियों को जागरूक रखने के लिए दिन में तीन बार विशेष बुलेटिन का प्रसारण किया। हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की जानकारी देने के लिए मतगणना केन्द्र से सजीव विशेष चुनाव समाचार बुलेटिन का प्रसारण भी किया गया। ये एकांश अपने प्रयासों पर लगातार अग्रसर है।

इस बीच आज शाम आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर परिसर में कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग, जहाजरानी सेवा निदेशालय, जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, शिक्षा विभाग और समाज कल्याण निदेशालय में विभिन्न पदों के लिए चुने गए उम्मीदवारों की ट्रेड टेस्ट के लिए दस्तावेजों की जांच का कार्य आज से चार जुलाई तथा चौदह से सोलह जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग के सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा। इस बारे में और जानकारी प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्व–रोज़गार प्रशिक्षण संस्थान पोर्ट ब्लेयर की ओर से सिलाई और सौन्दर्यकरण प्रबंधन पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जुलाई माह में द्वीपों की बेरोज़गार महिलाओं के लिए निःशुल्क आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों और बी. पी. एल. श्रेणी के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए भारतीय स्टेट बैंक के आर. सेती कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>